


हिन्दी दैनिक

# पथ प्रवाह

RNI No.: UTTHIN/2011/39282

हर खबर पर पैनी नजर



वर्ष:5 अंक:09 पृष्ठ:08 मुल्य:1 रूपये pathpravah.com हरिद्वार, मंगलवार, 13 जनवरी 2026


## ऋषिकेश के बाइक सवार दो युवकों की सड़क दर्दनाक में मौत

**पथ प्रवाह हरिद्वार।**

कनखल क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों को गहरे शोक में डुबो दिया। ऋषिकुल पुल के पास तेज रफ्तार और ओवरटेक की कोशिश जानलेवा साबित हुई, जब बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े और पीछे से आ रहे वाहन की चपेट में आ गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऋषिकेश निवासी दोनों युवक सोमवार सायं बाइक से हरिद्वार की ओर जा रहे थे। ऋषिकुल पुल के समीप हाईवे पर उन्होंने आगे चल रहे एक भारी वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों युवक सड़क पर गिर गए। दुर्भाग्यवश, पीछे से आ रहे वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।





दुर्घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कनखल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया।

कनखल थाने के एसएसआई सतेंद्र भंडारी ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा ओवरटेक के दौरान हुआ। मृतकों की पहचान ऋषिकेश के शीशम झाड़ी निवासी भीम यादव और मुरारी के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है।

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने युवाशक्ति को बताया राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी

**पथ प्रवाह, देहरादून।**

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला मंगल दलों और युवक मंगल दलों को सम्मानित किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दलों को क्रमशः एक लाख, 50 हजार और 25 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई। महिला मंगल दल धापला (नैनीताल) को प्रथम, सेमा (चमोली) को द्वितीय तथा बनाली (टिहरी गढ़वाल) को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं युवक मंगल दल मोख मल्ला (चमोली) प्रथम, सुंदरपुर रैक्वाल (नैनीताल) द्वितीय और चौडीराय (चंपावत) तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं और एनएसएस अवार्ड प्राप्त युवाओं को भी सम्मानित किया गया। एनएसएस द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 2 लाख 24 हजार 320 रुपये का चेक भी सौंपा गया।



मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने पराधीन भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को जागृत किया। शिकागो में दिया गया उनका ऐतिहासिक उद्बोधन भारत की आध्यात्मिक शक्ति का उद्घोष था। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है, जो अपने परिश्रम और संकल्प से विकसित व आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार कर सकती है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और नई शिक्षा नीति जैसे अभियानों से युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं। राज्य सरकार भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजगार के बदलते परिदृश्य को देखते हुए युवाओं को फ्यूचर रेडी बनाना समय की मांग है।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में स्वामी विवेकानंद से जुड़े स्थलों को जोड़कर विवेकानंद कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या, विधायक खजान दास, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा और निदेशक खेल डॉ. आशीष चौहान उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया का स्पष्ट संदेश, गांवों तक पहुंचेगी सरकार, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

**पथ प्रवाह पौड़ी।**

जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने दूरस्थ क्षेत्र धुमाकोट पहुंचकर तहसील सभागार में राजस्व विभाग और वन विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रशासन की उपस्थिति केवल कार्यालयों तक सीमित न रहे, बल्कि गांवों तक पहुंचे और आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने राजस्व उपनिरीक्षकों से कहा कि पटवारी चौकी के साथ-साथ नियमित रूप से गांवों में भ्रमण करें। आपदा से हुई क्षति का आकलन कर संबंधित विभागों को समय पर जानकारी दें। उन्होंने राजस्व से जुड़े सभी पोर्टल अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि पटवारी चौकी और गांव भ्रमण की तिथियां निर्धारित कर उन्हें सार्वजनिक रूप से पटवारी चौकी के बाहर चस्पा करें। साथ ही खंड विकास अधिकारी को भी संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी का नाम और संपर्क विवरण भी चस्पा करें, ताकि ग्रामीणों को समस्या के समाधान के लिए सीधे संबंधित अधिकारी की जानकारी मिल सके। उन्होंने उपजिलाधिकारी को कहा कि जिन पटवारी चौकियों में मरम्मत की आवश्यकता है, उन्हें चिन्हित करें। जिससे समय पर कार्य किया जा सके। जिलाधिकारी ने खसरा-खतौनी, निर्वाचन के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और बीएलओ से कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने स्थायी निवास, आय प्रमाणपत्र, मुख्यमंत्री घोषणा, सीएम हेल्पलाइन, किसान सम्मान निधि, अतिक्रमण, आपदा क्षति और अवैध खनन की भी समीक्षा की। उन्हें राहतकोष के चेक वितरण की स्थिति को जानकारी भी ली। उन्होंने किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों का केवाईसी शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में चल रहे बड़े विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण करें और गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्माण एजेंसियों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की पूरी जानकारी रखने के निर्देश भी दिए गए। खाद्य राशन दुकानों के निरीक्षण को लेकर जिलाधिकारी ने राजस्व उपनिरीक्षकों को निर्देश दिए कि जहां गुणवत्ता के अनुरूप राशन वितरण नहीं हो रहा है, वहां जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके अलावा अतिक्रमण पर अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर कहीं भी अतिक्रमण होने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने की शिष्टाचार भेंट

**पथ प्रवाह, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और सांसद अनुराग ठाकुर के मध्य देश एवं राज्य से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में विकास, जनकल्याण एवं आपसी समन्वय से संबंधित मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।



## भारत–जर्मनी ने सहयोग बढाने के लिए छह क्षेत्रों में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर और अनेक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की

गांधीनगर। भारत और जर्मनी ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढाने के लिए सोमवार को यहां प्रौद्योगिकी, पारंपरिक चिकित्सा और नवीकरणीय ऊर्जा सहित छह समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये और करीब 20 क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए घोषणाएं की। भारत यात्रा पर आये जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच यहां वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर के साथ ये घोषणाएं की गयी। दोनों देशों ने महत्वपूर्ण एवं उभरती



प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

# लक्सर को मिला ऐतिहासिक रेल कनेक्टिविटी का लाभ: सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत

**पथ प्रवाह, हरिद्वार/लक्सर।**

लक्सर को ऐतिहासिक रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिलने से लोगों में हर्ष की लहर है। सोमवार को गाड़ी संख्या 12358 अमृतसर-कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस का परिचालन किन्हीं कारणों से निरस्त रहने के बावजूद रेलवे प्रशासन द्वारा प्रतीकात्मक रूप से एक रैक को लक्सर स्टेशन पर लाकर उसका स्वागत किया गया। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, नगर पालिका परिषद लक्सर के अध्यक्ष संजीव कुमार तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक पारितोष गौतम ने प्रतीकात्मक रूप से गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।





इस अवसर पर हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि लक्सर रेलवे स्टेशन पर चार लंबी दूरी की ट्रेनों का ठहराव मिलना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे न केवल लक्सर बल्कि आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के यात्रियों को देश के प्रमुख हिस्सों से सीधी रेल सुविधा मिलेगी, बल्कि व्यापार, रोजगार और सामाजिक संपर्क भी मजबूत होंगे। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और रेलवे लगातार इसी दिशा में कार्य कर रहा है।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल अंतर्गत लक्सर स्टेशन पर चार महत्वपूर्ण लंबी दूरी की गाड़ियों को नियमित ठहराव दिए जाने के अवसर पर सोमवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमृतसर-कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों के ठहराव को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### इन गाड़ियों को मिलेगा लक्सर में ठहराव

रेलवे प्रशासन के अनुसार यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लक्सर स्टेशन पर जिन चार लंबी दूरी की गाड़ियों को ठहराव दिया गया है, उनमें गाड़ी संख्या 14627 सहरसा-छैहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 14628 छैहरटा-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12357 कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 12358 अमृतसर-कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों के ठहराव से लक्सर क्षेत्र को बिहार, पंजाब और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों से सीधा रेल संपर्क मिलेगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

कार्यक्रम में मंडल के वरिष्ठ अधिकारी, बड़ी संख्या में नगर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, यात्री, रेलवे कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, मुरादाबाद मंडल की सांस्कृतिक टीम तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम मौजूद रही। सांस्कृतिक टीम द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे स्टेशन परिसर देशप्रेम के रंग में रंग गया।

### लक्सर के विकास में मील का पत्थर

अपर मंडल रेल प्रबंधक पारितोष गौतम ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि रेलवे भविष्य में भी यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए नए ठहराव और बेहतर सेवाओं पर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने चार अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव को लक्सर के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया कि घोषित सभी गाड़ियों को उनके निर्धारित संचालन दिवस पर लक्सर स्टेशन पर नियमित ठहराव दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध रेल सेवा का लाभ मिल सकेगा।

## एक नजर


### खोया मोबाइल लौटाकर हरिद्वार पुलिस ने चेहरे पर बिखेरी मुस्कान



पथ प्रवाह, हरिद्वार। खोया हुआ मोबाइल फोन वापस उसके वास्तविक स्वामी को लौटाकर हरिद्वार पुलिस ने चेहरे पर खुशी लौटाने का काम किया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित ने CEIR पोर्टल पर दर्ज कराई थी मोबाइल की गुमशुदगी। पुलिस के मुताबिक दिनांक 26.12.25 को आवेदक नरेश चन्द्र पुत्र माधवा नन्द उप्रेती निवासी ग्राम रसूलपुर पोस्ट लालढांग थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार मो0नं0-8679166796 द्वारा स्वयं के मोबाईल फोन TECNO SPARK-8 कम्पनी खोने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रार्थना पत्र पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा तत्काल CEIR PORTAL पोर्टल के माध्यम से थाना क्षेत्रान्तर्गत चिडियापुर क्षेत्र से बरामद कर फोन स्वामी के सुपुर्द किया गया। खोया मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामी ने हरिद्वार पुलिस की कार्यशैली की गई। पुलिस का कहना है कि यदि आपका मोबाइल गुम/चोरी हो जाए, तो तुरंत CEIR पोर्टल पर रजिस्टर करें। बरामद करने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल जितेंद्र घिल्डियाल-CCTNS थाना श्यामपुर ओर कांस्टेबल राहुल देव शामिल रहे।

### भोजनमाताओं ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, 2 फरवरी को हड़ताल की चेतावनी

पथ प्रवाह, हरिद्वार। प्रगतिशील भोजनमाता संगठन यूनियन के बैनर तले इकठ्ठा होकर भोजनमाताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया। विकास भवन रोशनाबाद हरिद्वार में पहले सभा की गई उसके बाद जुलूस निकालकर जिला शिक्षा अधिकारी के यहां प्रदर्शन कर हड़ताल का ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का संचालन यूनियन की उपाध्यक्ष रजनी ने किया। प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की पूनम ने कहा कि हम भोजनमाताएं 20-21 सालों से सरकारी, अर्ध सरकारी विद्यालयों में भोजन बनाने का काम कर रही हैं। परंतु, अत्यंत खेद की बात है कि इतने वर्ष कार्य करने के बाद भी हमारी स्थिति आज भी अत्यंत असुरक्षित, अस्थिर एवं उपेक्षित बनी हुई है। हमारी मांगों को लगातार अनसुना किया जा रहा है। रचना ने कहा कि हम 4-4 कर्मचारियों के बराबर काम कर रहीं हैं। उसके बावजूद हमारा मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के उपाध्यक्ष पंकज ने कहा कि भोजनमाताओं का वेतन पिछले 4 सालों से 3000 पर ही अटका हुआ है। भोजनमाताओं की स्थिति को सरकार ने कतई संज्ञान में नहीं लिया है। कहा कि भोजनमाताओं को उत्तराखंड में कर्मचारी का दर्जा मिलना चाहिए। क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के नासिर ने कहा कि भोजनमाताओं के साथ न्याय नहीं हो रहा है। प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की कोषाध्यक्ष नीता ने कहा कि हम भोजनमाताएं लंबे समय से अपने न्यूनतम वेतन और स्थाई नौकरी के लिए संघर्ष कर रही हैं। सरकार हमारी मांगों को लगातार अनसुना कर रही है। इसलिए अब हम मजबूर होकर 2 फरवरी 2026 को हड़ताल (खाना बनाना बंद) करेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी उत्तराखण्ड सरकार और शासन प्रशासन की होगी। कार्यक्रम में प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की पूनम, अनीता, रजनी, ममता, रचना, माया, ओमवती, रीना, नीता सहित दर्जनों भोजनमाताएं शामिल रही। इसके अलावा इंकलाबी मजदूर केंद्र से पंकज, जयप्रकाश, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन से नासिर अहमद देव भूमि श्रमिक संगठन से दिनेश शामिल रहे।



# स्वामी विवेकानंद जयंती पर गूंजा 'उठो-जागो' का संदेश, स्वदेशी संकल्प दौड़ में उमड़ा युवाओं का सैलाब

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के फेरूपुर रामखेड़ा स्थित डिग्री कॉलेज में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, जगपाल सैनी, धर्मेंद्र चौहान एवं विक्रम भुल्लर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर देशभक्ति, राष्ट्र निर्माण और युवाशक्ति के जोश से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मंत्र 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व की जयंती पर सभी युवाओं को संकल्प लेना चाहिए कि वे विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का मस्तक ऊंचा किया और उनकी शिक्षाएं आज भी युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर है, इसलिए उन्हें मानसिक रूप से मजबूत होकर राष्ट्र सेवा में जुटना होगा।



### विवेकानंद के आदर्शों पर चले युवा

युवा मोर्चा प्रभारी लव शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने वर्ष 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में भारत की ओर से सनातन धर्म का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो आज भी समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था और बचपन में उन्हें नरेंद्रनाथ के नाम से जाना जाता था। जयंती मनाने का उद्देश्य युवाओं को उनके विचारों और आदर्शों से जोड़ना है।

### नशे से दूर रहने का आह्वान

प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जगपाल सैनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को शिक्षा और खेल के माध्यम से आगे बढ़कर देश सेवा करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशा और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया और कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा वर्ग है, जो देश की पूंजी है।

### ये रहे मुख्य रूप से मौजूद

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौहान, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जगपाल सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम भुल्लर, प्रदेश मंत्री तरुण चौहान, जिला महामंत्री दीपांशु शर्मा, कार्यक्रम संयोजक सचिन चौहान, सहसंयोजक चीनू नितीश चौधरी, जिला मंत्री लेखराज, प्रियांशु गोयल, मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, रीनू चौधरी, मोहित चौहान, श्रवण चौहान, दीपक सैनी, आदर्श कश्यप, सचिन आर्य, राहुल चौहान, विनीत प्रताप सिंह, राजू पाल, बीर सिंह कश्यप सहित सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# चैकिंग के दौरान संदिग्ध गिरफ्तार, चाकू हुआ बरामद

पथ प्रवाह, हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के आदेश पर जनपद में चल रहे चेकिंग अभियान के तहत सिडकुल थाना पुलिस को कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी नाजिम पुत्र मुन्ने निवासी ग्राम खुदागंज थाना खुदागंज जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी जमा मस्जिद के पास रोशनाबाद थाना सिडकुल जनपद हरिद्वार को पुलिस लाइन तिराहा रोशनाबाद से 1 अदद अवैध चाकू के साथ पकडा गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना हाजा पर आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के खिलाफ सात



मुकदमें दर्ज है। पुलिस टीम में कांस्टेबल हरि सिंह, कांस्टेबल रिपेंद्र शामिल रहे।



# शहर में मकर संक्रांति पर भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा बंद, लागू होगा रूट डायवर्जन

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

मकर संक्रांति के स्नान पर्व पर गंगा स्नान के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचेंगे। इसे देखते हुए हरिद्वार पुलिस ने शहर का यातायात प्लान जारी किया है। हरिद्वार पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह यातायात प्लान को देखकर ही घर से बाहर निकले। लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति स्नान पर्व में यातायात का दबाव बढने पर भारी वाहनों को बार्डर पर ही रोक जायेगा।

हरिद्वार पुलिस ने लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति स्नान पर्व के दृष्टिगत आज 12.01.2026 की रात्रिः 12:00 बजे से लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति स्नान पर्व समाप्ति तक हरिद्वार शहर क्षेत्र में सभी भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। चीला मार्ग को ऋषिकेश से केवल एक्जिट के लिए प्रयोग किया जायेगा। चण्डी चौक पर यातायात का दबाव बढने पर 4.2 डायवर्जन से वन-वे लागू किया जायेगा। सामान्य यातायात के दबाव में गुरूकुल कांगड़ी सर्विस लेन से सिंहद्वार होते हुए शंकराचार्य चौक की ओर भेजा जायेगा जिससे वाहनों का प्रवेश शहर में धीमा होगा। टोल प्लाजा पर वाहन की एक्जिट का दबाव बढने पर एक्जिट के लिए नहर पट्टी का प्रयोग किया जायेगा। यातायात का दबाव बढने पर देहरादून, ऋषिकेश जाने वाली प्राईवेट बसों को मोहण्ड के रास्ते भेजा जायेगा।



### दिल्ली-मेरठ-मुजफ्फरनगर-पंजाब से आने वाले वाहन

दिल्ली-मेरठ-मुजफ्फरनगर-नारसन-मंगलौर-कोर कालेज-ख्याति ढाबा-गुरूकुल कांगड़ी-शंकराचार्य चौक-हरिद्वार। पार्किंग-(अलकनन्दा-दीनदयाल-पंतद्वीप-चमकादड़ टापू)। यातायात का अत्यधिक दबाव होने पर दिल्ली-मेरठ-मुजफ्फरनगर-नारसन-मंगलौर-नगलाइमरती-लक्सर-फेरूपुर-जगजीतपुर-एस0एम0तिराहा-शनिचौक मात्रसदन पुलिया लाया जाएगा। इनकी पार्किंग बैरागी कैम्प पार्किंग में रहेगी।

### दिल्ली/पंजाब-हरियाणा से आने वाले वाहन

सहारनपुर-मण्डावर-भगवानपुर-अब्दुलकलाम चौक-नगलाइमरती-लक्सर-सुल्तानपुर-फेरूपुर-जगजीतपुर-एस0एम0 तिराहा-शनि चौक-मात्रसदन पुलिया लाए जाएंगे, वाहनों की पार्किंग बैरागी कैम्प पार्किंग में रहेगी। दिल्ली-मेरठ से आने वाले वाहनों का यातायात का दबाव बढ़ने पर नजीबाबाद जाने वाले वाहनों के लिए रूट प्लान-दिल्ली-मेरठ-मुजफ्फरनगर-नारसन-मंगलौर-नगलाइमरती-लक्सर-बालावाली-बिजनौर-नजीबाबाद।

### मुरादाबाद/नजीबाबाद से देहरादून, ऋषिकेश से आने वाले वाहन

छोटे वाहनों के लिए रूट नजीबाबाद-चिड़ियापुर-श्यामपुर-चण्डी चौकी-चण्डी चौक ओर

पार्किंग-(दीनदयाल-पंतद्वीप-चमकादड़ टापू)। बड़े वाहनों के लिए रूट नजीबाबाद-चिड़ियापुर-श्यामपुर-4.2 डायवर्ट किया जायेगा। वाहनों की पार्किंग-(गौरीशंकर-नीलधारा)।

### आटो/विक्रम डायवर्जन-

लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति स्नान पर्व के दौरान ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाने पर समयानुकुल देहरादून/ऋषिकेश/रायवाला की तरफ से आने वाले विक्रम/आटो रिक्शा को फोरलेन जयराम मोड़ तक ही आने दिया जायेगा। जयराम मोड़ से आगे नही जायेंगे। यही पर सवारी उतार कर वापस जायेंगे। लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति स्नान पर्व के दौरान ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाने पर पुल जटवाडा/ज्वालापुर से आने वाले विक्रम/आटो रिक्शा रानीपुर मोड, देवपुरा होते हुए बस स्टेशन/रेलवे स्टेशन शिवमूर्ति तिराह से डायवर्जन यू-टर्न तुलसी चौक की ओर करते हुए कनखल की ओर तथा ज्वालापुर की तरफ जाने वाले बिक्रम/आटो रिक्शा को मायापुर फायर सर्विस से देवपुरा चौक होते हुए रानीपुर मोड से बीएचईएल तथा ज्वालापुर जा सकेगें। लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति स्नान पर्व के दौरान ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाने पर पुल बीएचईएल की तरफ से आने वाले विक्रम/आटो रिक्शा भगत सिंह चौक होते हुए टिबडी फाटक, पुराना रानीपुर मोड, देवपुरा होते हुए बस स्टेशन/रेलवे स्टेशन शिवमूर्ति तिराह से डायवर्जन यू-टर्न तुलसी चौक की ओर करते हुए कनखल की ओर तथा ज्वालापुर की तरफ जाने वाले बिक्रम/आटो रिक्शा को मायापुर फायर सर्विस से देवपुरा चौक होते हुए रानीपुर मोड से बीएचईएल तथा ज्वालापुर जा सकेगें। लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति स्नान पर्व के दौरान ललतारौ पुल से शिवमूर्ति तक सभी प्रकार के वाहनों विक्रम/आटो रिक्शा/टैक्सी का आवागमन प्रतिबन्धित रहेंगे।

## एक नजर

# नशा तस्करों पर शिकंजा, दो नशा तस्कर अवैध स्मैक के साथ पकड़े



पथ प्रवाह, हरिद्वार। जनपद को नशा मुक्त करने व नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा जनपद पुलिस को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में लक्सर पुलिस ने दो अभियुक्तों का अलग अलग स्थानों से पकड़ा है। एसएसपी हरिद्वार के निर्देशन के अनुपालन में लक्सर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थो की अवैध तस्करी/बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु नियमित रुप से थाना स्तर पर पुलिस टीमें गठित कर पुलिस टीमो द्वारा क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर अवैध तस्करी/बिक्री हेतु सम्भावित स्थानो पर छापेमारी व निगरानी की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चैकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से 2 व्यक्तियो को 13.81 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दबोचा गया। अभियुक्तगणों के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर एन0डी0पी0एस0 एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम आदिल पुत्र कामिल निवासी ग्राम नेहन्दपुर सुठारी कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार, सुहेल पुत्र गुलसनवर निवासी ग्राम नेहन्दपुर कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार है। पुलिस टीम में एसआई कर्मवीर सिंह, नीरज रावत, हेड कांस्टेबल पंचम प्रकाश, गजेंद्र पंवार, रविन्द्र नागर और कांस्टेबल अनिल वर्मा शामिल रहे।

## गौकशी मामले में फरार चल रहे 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पथ प्रवाह, हरिद्वार। कोतवाली लक्सर पुलिस ने गौकशी के मामले में फरार चल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बीते दिनों सुल्तानपुर क्षेत्र में छापेमारी के दौरान मौके से गौमांस व गौकशी उपकरण बरामद किए थे, लेकिन गौकशी करने के आरोपित छापेमारी की भनक लगते ही मौके से फरार हो गये थे। दर्ज मुकदमें में बारिकी से जानकारी जुटाकर घटना में सलिप्त/प्रकाश में आये आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने ठोस पता रसी सुरागरसी कर दिनांक 11.01.2026 को सुल्तानपुर क्षेत्र से उपरोक्त घटना में सलिप्त 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियो को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# एसएसपी ने किया थानाध्यक्ष सस्पेंड, चौकी का पूरा स्टॉफ लाइन हाजिर

**पथ प्रवाह, उधमसिंह नगर।**

आत्महत्या मामले में वायरल वीडियो में मरने से पहले किसान द्वारा लगाए गए गंभीर आरोप सामने आने के बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा की सख्त कार्रवाई की है। एसएसपी ने लापरवाही पर थाना आईटीआई एसओ और उपनिरीक्षक को निलंबित किया है, जबकि चौकी पैगा की पूरी टीम को लाइन हाजिर किया गया है।

### पुलिस पर लगाए हैं गंभीर आरोप

हल्द्वानी के काठगोदाम थाना क्षेत्र के गौलापार एक होटल में आत्महत्या करने से पूर्व मृतक किसान सुखवंत सिंह द्वारा जारी किए गए वीडियो में कई लोगों के नाम और पुलिस अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए थे। वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा ने प्रकरण में गंभीर लापरवाही और उदासीनता सामने आने के बाद कड़ा रुख अपनाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया, जबकि चौकी पैगा पर तैनात संपूर्ण पुलिस टीम को लाइन हाजिर किया गया है।

### 10 पुलिस कर्मियों को किया गया है लाइन हाजिर

प्रकरण में लापरवाही बरतने के आरोप में उपनिरीक्षक कुंदन सिंह रौतेला थानाध्यक्ष, कोतवाली आईटीआई और उपनिरीक्षक प्रकाश बिष्ट कोतवाली आईटीआई के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसके साथ ही चौकी पैगा, कोतवाली आईटीआई पर तैनात 10 पुलिसकर्मियों को भी तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। इनमें उपनिरीक्षकध्चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार, अपर उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह, आरक्षी भूपेंद्र सिंह, दिनेश तिवारी, मुख्य आरक्षी शेखर बनकोटी, आरक्षी सुरेश चन्द्र, योगेश चौधरी, राजेन्द्र गिरी, दीपक प्रसाद एवं संजय कुमार शामिल हैं।

### कार्यवाही को लेकर एसएसपी का स्पष्ट संदेश

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पुलिस कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही, संवेदनहीनता या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों और गंभीर मामलों में त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें कोताही बरतने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### देर शाम काशीपुर पहुंचा शव

बता दें कि, हल्द्वानी के काठगोदाम गौलापार स्थित एक होटल में आत्महत्या करने वाले किसान का शव देर शाम काशीपुर पहुंचा, इस दौरान मृतक के घर पर लोगों का जमावड़ा लग गया। काफी तादाद में किसान उनके घर पहुंचे।

इस दौरान परिजनों ने तीन मांगें प्रशासन के सामने रखी थी, जिनमें से दो मांगों पर प्रशासन की तरफ से आश्वासन मिला है, जिस पर परिजनों ने सहमति जताई है। वहीं इस घटना पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को सौंपी गई है।

# अवैध कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर पकड़ा

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद हरिद्वार में नशीले पदार्थो की अवैध तस्करी/बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली लक्सर द्वारा थाना स्तर से चैकिंग के लिएअलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया है।

गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र में सक्रिय रहकर लक्सर क्षेत्र फूलगढ पथरी निवासी रामपाल को 05 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पकडा गया। अवैध शराब के साथ पकडे गये व्यक्ति के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर आबकारी अधिनियम में अभियोग



पंजीकृत किये गये। पुलिस टीम में कांस्टेबल गंगा सिंह और होमगार्ड मदन पाल शामिल रहे।

# अवैध चाकू के साथ एक अभियुक्त दबोचा

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

कोतवाली क्षेत्र में घटना कारित करने की फिराक में घूम रहे एक संदिग्ध अभियुक्त को पुलिस ने चाकू के साथ पकड़ा है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों/ संदिग्ध व्यक्तियों/ असामाजिक तत्वों के खिलाफ नियमित रुप से प्रभावी/ सघन चैकिंग के तहत पुलिस ने दौराने गस्त/चैकिंग सुल्तानपुर लक्सर क्षेत्र से भट्टीपुर पथरी निवासी अमित कुमार को अवैध चाकू के साथ पकडा। पकडा गया व्यक्ति थाना क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था,लक्सर पुलिस की सतर्कता से आरोपी को समय रहते पकड लिया। पकडे गये व्यक्ति के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर



आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह पंवार और कांस्टेबल किशोर नेगी शामिल रहे।

# संपादकीय

## देश का युवा भटकाव के दौर में

आज का भारत युवा शक्ति का देश कहा जाता है, लेकिन यह भी उतना ही बड़ा सत्य है कि यही युवा तेजी से भटकाव की राह पर भी बढ़ रहा है। स्कूल की पढ़ाई, अंकों की दौड़ और डिग्री हासिल करने की होड़ ने युवाओं को स्वावलंबी और व्यवहारिक जीवन कौशल से दूर कर दिया है। शिक्षा का उद्देश्य केवल प्रमाण पत्र पाना नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाना होना चाहिए, जो आज कहीं न कहीं खोती नजर आ रही है।

सबसे चिंताजनक स्थिति सोशल मीडिया को लेकर है। युवा वर्ग लाइक, कमेंट और फॉलोअर्स की आभासी दुनिया में उलझकर वास्तविक जीवन से कटता जा रहा है। घंटों रील देखने और मोबाइल स्क्रीन से चिपके रहने की आदत न केवल समय की बर्बादी है, बल्कि यह युवाओं के भविष्य को भी अंधेरे गर्त में धकेल रही है। आंखों की रोशनी कमजोर होना, सिरदर्द, अनिद्रा और चिड़चिड़ापन आम समस्याएं बन चुकी हैं। लगातार स्क्रीन देखने से स्मरण शक्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे एकाग्रता और सोचने-समझने की क्षमता घटती जा रही है।

मानसिक स्तर पर भी सोशल मीडिया की लत युवाओं को कमजोर बना रही है। तुलना, दिखावे और आभासी सफलता की चमक ने युवाओं में असंतोष, अवसाद और आत्मविश्वास की कमी पैदा की है। बच्चे और किशोर अपनी वास्तविक क्षमताओं को पहचानने के बजाय दूसरों की जिंदगी देखकर खुद को कमतर आंकने लगे हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक और भावनात्मक सेहत पर पड़ रहा है।

हालांकि यह भी सच है कि भारत सरकार ने युवाओं के लिए कौशल विकास, स्टार्टअप इंडिया, खेलो इंडिया जैसी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, रोजगारोन्मुखी कौशल देना और खेल के माध्यम से शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देना है। लेकिन जब तक युवा खुद इन अवसरों की ओर गंभीरता से नहीं बढ़ेगा, तब तक योजनाएं कागजों तक ही सीमित रह जाएंगी।

आज आवश्यकता है कि युवा वर्ग आत्ममंथन करे। सोशल मीडिया को साधन बनाए, साध्य नहीं। पढ़ाई के साथ-साथ कौशल, खेल, योग और रचनात्मक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाए। माता-पिता, शिक्षक और समाज को भी मार्गदर्शक की भूमिका निभानी होगी, ताकि युवा सही दिशा में आगे बढ़ सकें। देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। यदि युवा शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से कमजोर होगा, तो राष्ट्र की प्रगति भी बाधित होगी। समय रहते चेतने की जरूरत है, ताकि भटकाव की इस राह से लौटकर युवा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और सामर्थ्य को राष्ट्र निर्माण में लगा सके।

# भारत में सबसे लोकप्रिय त्योहार है लोहड़ी

**संजय गोस्वामी**



जब मकर संक्रांति दक्षिण में, पश्चिम भारत में सबसे लोकप्रिय है, त्योहार पोंगल के रूप में जाना जाता है और उत्तर में, इसे लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। उत्तरायण, माघी, खिचड़ी एक ही त्योहार के कुछ अन्य नाम हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लोहड़ी को दुल्ला भट्टी की याद में मनाया जाता है और लोहड़ी का पर्व पंजाब के इस वीर नायक के लोकगीत गाए बिना अधूरा रहता है. इस लोककथा के अनुसार मुगलों के समय में एक बहादुर योद्धा था और जिसने मुगलों के बढ़ते जुल्म के खिलाफ कदम उठाया लोहड़ी में ल का अर्थ है लकड़ी, ओह का अर्थ उपले, और ड़ी का मतलब रेवड़ी. इन तीनों को मिलाकर बना है लोहड़ी. हर साल मकर संक्रांति के पहले लोहड़ी का पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी से संबद्ध परंपराओं एवं रीति-रिवाजों से ज्ञात होता है कि प्रागैतिहासिक गाथाएँ भी इससे जुड़ गई हैं। दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि-दहन की याद में ही यह अग्नि जलाई जाती है। इस अवसर पर विवाहिता पुत्रियों को माँ के घर से त्योहार (वस्त्र, मिठाई, रेवड़ी, फलादि) भेजा जाता है। लोहड़ी उत्तर भारत में मनाया जाने वाला एक प्रमुख पंजाबी फसल उत्सव है, जो मुख्य रूप से 13 जनवरी को मनाया जाता है। यह शीत ऋतु के अंत और शीतकालीन संक्रांति का प्रतीक है, जो नई शुरुआत, अच्छी फसल और समृद्धि का प्रतीक है। उत्सव में अलाव जलाना, ढोल सहित पारंपरिक संगीत, भांगड़ा और गिद्दा जैसे लोक नृत्य और रेवड़ी, मूंगफली और गजक जैसे पारंपरिक व्यंजन शामिल हैं। लोग सूर्य देव की पूजा करने के लिए अलाव के चारों ओर एकत्रित होते हैं और लंबे दिनों और भरपूर फसल के स्वागत में अग्नि में अनाज और मिठाई अर्पित करते हैं। शीत ऋतु का अंतः यह अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है, जो शीत ऋतु के अंत और वसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है। अलाव अनुष्ठानः यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है जहाँ समुदाय एक साथ मिलकर गीत गाते हैं, नृत्य करते हैं और आशीर्वाद के रूप में तिल, गुड़, पॉपकॉर्न और मूंगफली अग्नि में अर्पित करते हैं। समुदाय और परिवारः लोहड़ी परिवार और समुदाय के बीच बंधन मजबूत करने का भी समय है, जिसमें विवाह या जन्म जैसे विशेष अवसरों का जश्न मनाया जाता है, बच्चे पारंपरिक गीत गाते हैं और उपहार प्राप्त करते हैं। फसल उत्सवः यह त्योहार सर्दियों की फसलों, विशेष रूप से गन्ने, गेहूं और सरसों का सम्मान करता है, और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।लोहड़ी एक प्रमुख पंजाबी फसल उत्सव है जो मुख्य रूप से उत्तर भारत में, मनाया जाता है। यह सर्दियों के अंत, जो नई शुरुआत, फसल और समृद्धि का प्रतीक है। लोग सूर्य देव की पूजा करने के लिए एकत्रित होते हैं और लंबे दिनों और भरपूर फसल के स्वागत में अग्नि में अनाज और मिठाई अर्पित करते हैं। जैसे-जैसे लोहड़ी 2026 नजदीक आती है, वातावरण ढोल की थाप, हंसी और लोककथाओं के नायकों की कहानियों से भर जाता है। परिवार अग्नि के चारों ओर घेरा बनाकर सूर्य और पृथ्वी को धन्यवाद देने के लिए अनाज और तिल अर्पित करते हैं, जो सर्दियों के अंत और वसंत और धूप के आगमन का प्रतीक है। यह त्योहार नवविवाहितों और नए माता-पिता की खुशी को उजागर करता है, जो सुख-सुविधाओं के आशीर्वाद से सबसे अधिक चमकते हैं। ग्रामीण खेतों से लेकर शहरी घरों तक, लोहड़ी में संस्कृति को आधुनिक जीवन में पिरोती है, और हमें याद दिलाती है कि कृतज्ञता प्रगति को बढ़ावा देती है। दुनिया भर की व्यस्त दिनचर्या के बीच, लोहड़ी रेवड़ी, फिरनी और तिल गुड़ जैसी साधारण मिठाइयों के साथ आत्मचिंतन का क्षण प्रदान करती है। लोहड़ी में लोगों को आपस में जुड़ने, तारों के नीचे नृत्य करने और हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव करने का शाश्वत आह्वान है। यह अग्नि देव और सूर्य देव का भी सम्मान करती है, जो कृतज्ञता और श्रद्धा का प्रतीक है। लोहड़ी ढोल की थाप, हंसी और लोककथाओं के नायकों की कहानियों से वातावरण जीवंत हो उठा है। परिवार अलाव के चारों ओर घेरा बनाकर सूर्य और पृथ्वी को अनाज और तिल अर्पित करते हैं, जो शीत ऋतु के अंत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। यह त्योहार नवविवाहित जोड़ों और नए माता-पिता के बंधन का भी जश्न मनाता है, सुख और आशीर्वाद पर जोर देता है। ग्रामीण खेतों से लेकर शहरी घरों तक, लोहड़ी परंपरा को आधुनिक जीवन के साथ जोड़ती है, और हमें याद दिलाती है कि कृतज्ञता प्रगति को बढ़ावा देती है। व्यस्त दिनचर्या के बीच, यह त्योहार आराम करने और रेवड़ी, फिरनी और तिल गुड़ जैसे साधारण व्यंजनों का आनंद लेने का अवसर प्रदान करता है। यह हमें अपनों से जुड़ने, तारों के नीचे नृत्य करने और दिल से खुशियों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। लोहड़ी अग्नि देव और सूर्य देव को भी श्रद्धा है, जो कृतज्ञता और नवजीवन का प्रतीक है।

## क्या दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की दहलीज़ पर है?

**सनत जैन**

मध्य-पूर्व एक बार फिर वैश्विक राजनीति के सबसे विस्फोटक केंद्र के रूप में उभर आया है। ईरान में जिस तरह के प्रदर्शन सत्ता परिवर्तन के लिए हो रहे हैं इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सीधे हस्तक्षेप कर रहे हैं। उसके बाद ईरान सरकार द्वारा परमाणु बम को लेकर जो धमकी दी जा रही है, परोक्ष-अपरोक्ष धमकियाँ, अमेरिका का ईरान में सत्ता परिवर्तन के संकेतों वाला हस्तक्षेपकारी रवैया और इज़राइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ तेज़ होता आंतरिक विरोध। यह सभी घटनाएँ अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को गंभीर अस्थिरता की ओर धकेलती दिख रही हैं। इसका असर सारी दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी और सामरिक युद्ध के रूप में देखा जा रहा है। सवाल यह है, क्या मौजूदा हालात दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की ओर ले जा रहे हैं? क्या सारी दुनिया को आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ सकता है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय से पश्चिमी देशों की चिंता का विषय रहा है। अमेरिका और उसके सहयोगी क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं, जबकि ईरान परमाणु कार्यक्रम को अपनी संप्रभुता और आत्मरक्षा से जोड़ता है। यदि अमेरिका सीधे ईरान पर सैन्य हमला करता है तो यह सिर्फ दो देशों के बीच का टकराव नहीं रहेगा। इसके वैश्विक नतीजे देखने को मिलेंगे। ईरान को चीन और रूस खुलकर मदद कर रहे हैं। मध्य-पूर्व में पहले से ही अस्थिरता चरम पर है। एक चिंगारी पूरे क्षेत्र को युद्ध की आग में झोंक सकती है। ऐसी स्थिति में रूस और चीन की भूमिका निर्णायक मानी जा रही है। रूस, जो पहले से ही यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिम से टकराव में है, ईरान को वह रणनीतिक साझेदार मानता है। अमेरिका के एक तरफा सैन्य हस्तक्षेप का कड़ा विरोध रूस करेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। कूटनीतिक मंचों पर हो या अप्रत्यक्ष सैन्य सहयोग के रूप में चीन भी हर हालत में ईरान के साथ रहेगा। चीन ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार संतुलन को लेकर सजग रहता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से टैरिफ लगाकर सारी दुनिया के देशों को भयाक्रांत किए हुए हैं, उसके बाद चीन युद्ध को खुलकर समर्थन भले ना दे, अमेरिका-विरोधी ध्रुवीकरण में वह ईरान के पक्ष में ही मजबूती के साथ खड़ा होगा। इससे स्पष्ट रूप से दुनिया के देश बहुध्रुवीय संघर्ष की ओर बढ़ेंगे। इज़राइल के भीतर नेतन्याहू सरकार के खिलाफ बढ़ता जनआक्रोश भी इस संकट को जटिल बनाता है। आंतरिक राजनीतिक दबाव कई बार सरकारों को बाहरी दुश्मन के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने के लिए प्रेरित करता है। ताकि घरेलू असंतोष से ध्यान हटाया जा सके। दुनिया कई देशों में महंगाई और बेरोजगारी को लेकर वहां की सरकारों के खिलाफ उग्र प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं, जिसके कारण वर्तमान स्थिति में यह प्रवृत्ति क्षेत्रीय शांति के लिए घातक हो सकती है। दूसरी ओर, अमेरिका के भीतर डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बढ़ते प्रदर्शन, यूरोपीय देशों विशेषकर कनाडा और ग्रीनलैंड से जुड़े विवाद, अमेरिकी नेतृत्व की वैश्विक विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। यूरोप अब पहले की तरह बिना सवाल किए वाशिंगटन की राह पर चलने को तैयार नहीं दिख रहा है। इन सभी घटनाओं का सम्मिलित प्रभाव यह संकेत देता है, दुनिया एक खतरनाक मोड़ पर आकर खड़ी हो गई है। जिस तरह की आर्थिक चुनौतियां तथा कर्ज की समस्या से सभी देशों को महंगाई और बेरोजगारी जैसे मामलों में अपने ही देश की जनता का विरोध झेलना पड़ रहा है। आर्थिक स्थिति दिनों दिन खराब हो रही है। वर्तमान तनाव को देखते हुए सीधे तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत कहना फिलहाल जल्दबाज़ी होगी।

लेकिन इतना स्पष्ट है, यदि कूटनीति का स्थान सैन्य ताकत के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, तो परिणाम विश्व के लिए विनाशकारी होंगे। वर्तमान में आवश्यकता शक्ति-प्रदर्शन की नहीं, बल्कि संवाद, संयम और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की है। जिस तरह से वैश्विक व्यापार संधि का पालन अमेरिका सहित समर्थ देशों द्वारा नहीं किया जा रहा है। उसके कारण भी स्थिति दिन प्रति दिन यह आशंका बनने लगी है क्या एक बार फिर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध का इतिहास दोहराया जा सकता है।

## औपनिवेशिक सोच से मुक्ति, विकाश की पटरी पर भारतीय रेल

**विनोद कुमार सिंह**

भारतीय रेल केवल एक परिवहन व्यवस्था नहीं है।यह इस देश की जीवनरेखा है–एक ऐसा विशाल तंत्र,जिसमें भारत की आत्मा धड़कती है।लोहे की पटरियों पर दौड़ती ट्रेनें सिर्फ यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक नहीं पहुँचातीं,बल्कि वे भारत की सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक चेतना को भी निरंतर गतिमान रखती हैं।किसान का पसीना,मज़दूर की थकान,विद्यार्थी के सपने,सैनिक का संकल्प और माँ की ममता–सब एक साथ भारतीय रेल में यात्रा करते हैं।करोड़ों यात्री प्रतिदिन भारतीय रेल पर केवल गंतव्य तक पहुँचने का भरोसा नहीं करते,बल्कि सम्मान, सुरक्षा और संवेदनशील व्यवहार की अपेक्षा भी रखते हैं।ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आज़ादी के पचहत्तर वर्ष बाद भी यदि भारतीय रेल के भीतर औपनिवेशिक सोच के अवशेष दिखाई देते हैं,तो यह केवल प्रशासनिक समस्या नहीं,बल्कि राष्ट्रीय चेतना के लिए भी गहन आत्ममंथन का विषय बन जाता है। यही पीड़ा व चिंता केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के उस स्पष्ट कथन में अभिव्यक्त होती है,जब वे कहते हैं कि 'भारतीय रेल को औपनिवेशिक मानसिकता से पूरी तरह मुक्त करना समय की माँग है।' यह वाक्य किसी औपचारिक भाषण का हिस्सा नहीं, बल्कि दशकों की जड़ता को तोड़ने का वैचारिक उद्घोष है।इसका प्रमाण हमें विगत दिनों नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित रेलवे कर्मी वार्षिक सम्मान समारोह में रेल मंत्री के उद्गारों में एक सच्चे रेल सेवक का भाव स्पष्ट झलकता था।उनका प्रश्न सीधा और मार्मिक था–जो रेल भारत की आत्मा है,वह अब भी उस सोच के बोझ तले क्यों दबी रहे,जो कभी शासक और शासित के बीच गहरी खाई बनाकर रखती थी?

ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीय रेल का निर्माण भारतीयों की सुविधा के लिए नहीं हुआ था।उसका मूल उद्देश्य था–औपनिवेशिक शासन को मज़बूत करना,प्राकृतिक संसाधनों की लूट को आसान बनाना और सैनिक आवाजाही को नियंत्रित करना।उस दौर में रेलयात्री एक नागरिक नहीं,बल्कि एक 'प्रजा' था,जिससे सम्मान और मानवीय व्यवहार की अपेक्षा ही नहीं की जाती थी।दुर्भाग्य से,स्वतंत्रता के बाद भी दशकों तक वही मानसिकता व्यवस्था के भीतर किसी न किसी रूप में बनी रही।ट्रेन में बैठा

यात्री अकसर स्वयं को व्यवस्था के सामने असहाय महसूस करता रहा।काला कोट पहने टीटी की कठोर भाषा, कर्मचारी का स्वयं को 'हाकिम' समझना,यात्रियों को संदेह या अपराधी की दृष्टि से देखना–ये सब औपनिवेशिक मानसिकता के जीवंत उदाहरण रहे।रेल सेवा,सेवा से अधिक सत्ता प्रदर्शन का माध्यम बनती चली गई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि भारतीय रेल को विश्वस्तरीय बनना चाहिए–तकनीक में अग्रणी,सुरक्षा में भरोसेमंद और संवेदनशीलता में मानवीय।उनका सपना केवल तेज़ ट्रेनें चलाने का नहीं,बल्कि एक ऐसी रेल व्यवस्था गढ़ने का है,जो नए भारत की आत्मा को प्रतिबिंबित करे।रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव उसी सपने को नीतियों से निकालकर पटरियों पर उतारने का कार्य कर रहे हैं।उनके नेतृत्व में भारतीय रेल केवल स्टेशन और ट्रेनें नहीं बदल रही,बल्कि अपना स्वभाव और संस्कार भी बदल रही है।यह परिवर्तन ऊपर से थोपा हुआ नहीं, बल्कि भीतर से उपजा हुआ परिवर्तन है–जहाँ यात्री केंद्र में है, और कर्मचारी सेवा के माध्यम के रूप में स्वयं को देखता है।ऐसे में अश्विनी वैष्णव का मानना है कि भारतीय रेलवे का प्रत्येक कर्मचारी सत्ता का प्रतिनिधि नहीं,बल्कि सेवा का माध्यम है।हमारे यात्री कोई बोझ नहीं,बल्कि सम्मानित अतिथि हैं। जब यह भाव कर्मचारी के मन में उतरता है,तभी रेल यात्रा केवल एक सफर नहीं,बल्कि सुखद अनुभव बनती है।औपनिवेशिक सोच से मुक्ति का यही वास्तविक आरंभ है।

इंफ्रास्ट्रक्चर बदला जा सकता है, नई तकनीक लाई जा सकती है, लेकिन मन बदलना सबसे कठिन कार्य है।वे इस कटु सत्य को समझते हैं।इसलिए प्रशिक्षण,संवेदनशीलता, जवाबदेही और सम्मान की संस्कृति पर विशेष बल दिया जा रहा है। रेलकर्मी को यह एहसास कराया जा रहा है कि वह डर पैदा करने वाला अधिकारी नहीं,बल्कि यात्रा को आसान बनाने वाला साथी है।

आज भारतीय रेल का चेहरा और चाल–दोनों बदले हुए दिखाई देते हैं।जहाँ पहले रेल विस्तार की गति सुस्त थी,वहीं अब हर वर्ष हज़ारों किलोमीटर नई रेल लाइनों का निर्माण हो रहा है।बजट और निवेश के आँकड़े बताते हैं कि रेल अब केवल एक विभाग नहीं,बल्कि राष्ट्र निर्माण का प्रमुख औज़ार बन चुकी है। यह बदलाव केवल धन का नहीं, बल्कि दृष्टि का है।पुनर्विकसित स्टेशन,समयबद्ध ट्रेनें,स्वच्छ वातावरण,डिजिटल टिकटिंग, पारदर्शी प्रक्रियाएँ–ये सब उस नई सोच के प्रमाण हैं,जिसमें यात्री केंद्र में है,न कि व्यवस्था।ऐसे में वंदे भारत ट्रेन इस बदली हुई दृष्टि का सबसे सशक्त प्रतीक है।यह केवल गति या आधुनिक सुविधाओं का नाम नहीं,बल्कि आत्मनिर्भर भारत की जीवंत अभिव्यक्ति है।भारत में डिज़ाइन की गई,भारत में निर्मित और भारतीय यात्रियों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित–वंदे भारत औपनिवेशिक मानसिक गुलामी पर करारा प्रहार है,जिसने हमें दशकों तक विदेशी तकनीक पर निर्भर बनाए रखा।

वंदे भारत में बैठा यात्री स्वयं को सम्मानित महसूस करता है।यही बदलाव की असली पहचान है।वहीं अमृत भारत ट्रेन यह सिद्ध करती है कि यह परिवर्तन केवल प्रीमियम वर्ग तक सीमित नहीं,बल्कि आम आदमी तक पहुँचा है–जहाँ सुरक्षित,सुलभ और सम्मानजनक यात्रा प्राथमिकता है।



# एक नजर

## यूसीसी का असर, उत्तराखण्ड में विवाह पंजीकरण में रिकॉर्ड 24 गुना बढ़ोतरी

पथ प्रवाह, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। इस ऐतिहासिक कदम का सीधा असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। यूसीसी लागू होने के बाद राज्य में विवाह पंजीकरण को लेकर अभूतपूर्व जागरूकता देखी जा रही है और प्रतिदिन होने वाले विवाह पंजीकरण की औसत संख्या में 24 गुना तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान यूसीसी लागू करने का संकल्प लिया था, जिसे सत्ता में आने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में ही निर्णय लेकर आगे बढ़ाया गया। सभी संवैधानिक और कानूनी प्रक्रियाओं तथा व्यापक जनमत के बाद 27 जनवरी 2025 से प्रदेश में यूसीसी को लागू कर दिया गया। यह फैसला सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता और समान अधिकारों की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार, यूसीसी लागू होने के बाद जनवरी 2025 से जुलाई 2025 के बीच मात्र छह माह में तीन लाख से अधिक विवाह पंजीकरण हुए। वहीं, वर्ष 2010 में लागू पुराने अधिनियम के अंतर्गत लगभग 15 वर्षों में कुल 3 लाख 30 हजार 064 विवाह पंजीकरण दर्ज किए गए थे। पुराने कानून के तहत प्रतिदिन औसतन 67 विवाह पंजीकरण होते थे, जबकि यूसीसी लागू होने के बाद यह संख्या बढ़कर 1634 प्रतिदिन तक पहुंच गई है। यूसीसी के तहत विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े प्रावधानों को समान रूप से लागू किया गया है। इससे विशेष रूप से महिलाओं को बहुविवाह जैसी कुप्रथाओं से राहत मिली है। मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि यह कानून किसी समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि सभी नागरिकों को समान अधिकार और सम्मान देने की दिशा में उठाया गया कदम है। विवाह पंजीकरण में आई तेज़ बढ़ोतरी इस बात का प्रमाण है कि जनता ने यूसीसी को सामाजिक सुधार के रूप में स्वीकार किया है।

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने प्रदेशवासियों को दी लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं

पथ प्रवाह, देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहड़ी पर्व की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को, विशेष रूप से पंजाबी समुदाय को, हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहड़ी पर्व नई फसल के आगमन का उल्लासपूर्ण प्रतीक है, जो प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा में लोक पर्वों का विशेष स्थान है। ऐसे पर्व न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हैं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार भी करते हैं। लोहड़ी का पर्व मेहनतकश किसानों की खुशहाली, अच्छी फसल और समृद्धि की कामना से जुड़ा हुआ है, जो परिश्रम और प्रकृति के बीच संतुलन का संदेश देता है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि उत्तराखंड विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं और समुदायों का संगम है, जहां सभी पर्व और त्यौहार परस्पर सहयोग, सौहार्द और आपसी सम्मान के साथ मनाए जाते हैं। यही एकता और भाईचारे की भावना राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि पर्वों को मिल-जुलकर मनाने से सामाजिक समरसता और आपसी विश्वास और अधिक सुदृढ़ होता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि लोहड़ी का पर्व सभी के जीवन में नई उमंग, खुशहाली और तरक्की लेकर आए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पर्व प्रदेश में शांति, सद्भाव और आपसी प्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करेगा।

## नगर निगम अभद्रता प्रकरण पर संजीदा, पुलिस करेगी आरोपी की तलाश

पथ प्रवाह, हरिद्वार। कनखल क्षेत्र के लाटोवाली स्थान पर दीवार पर लिखी गई आपत्तिजनक और अभद्र भाषा के मामले में नगर निगम हरिद्वार ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित थाने में तहरीर दर्ज करा दी है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छता के संदेश की आड़ में आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग पूरी तरह अस्वीकार्य है और इस तरह की किसी भी गतिविधि का नगर निगम से कोई संबंध नहीं है। नगर निगम के संज्ञान में आया था कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गंदगी न करने के संदेश के साथ अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए दीवार पर लेखन किया गया, जिसके नीचे भ्रामक रूप से 'नगर निगम हरिद्वार' अंकित किया गया था। सूचना मिलते ही नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त आपत्तिजनक लेखन को तत्काल हटवा दिया, ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी और जनभावनाओं को ठेस पहुंचने से रोका जा सके।

मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सफाई निरीक्षक श्रीकांत द्वारा संबंधित थाने में तहरीर दर्ज कराई गई है, जिससे प्रकरण की विधिवत जांच कर दोषियों की पहचान की जा सके। नगर आयुक्त नंदन कुमार ने पहले ही मामले की जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। नगर निगम की टीम आसपास के क्षेत्र के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि दोषियों की पहचान होते ही उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी के पास इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो, तो वह नगर निगम या पुलिस को अवगत कराए।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

पथ प्रवाह, हरिद्वार। फास्ट ट्रैक विशेष कोर्ट के एडीजे चंद्रमणि राय ने 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी युवक की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान के अनुसार, 20 जुलाई 2023 को सिडकुल थाना क्षेत्र की 15 वर्षीय छात्रा स्कूल निकली थी, लेकिन रास्ते से लापता हो गई। काफी तलाशने पर भी सुराग नहीं मिला तो उसके पिता ने सिडकुल थाने में मुकदमा कराया। कई दिनों बाद पुलिस ने छात्रा को बरामद किया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि एक युवक उसे बहला-फुसलाकर कार में अपने साथ घर ले गया और फिर जबरन शादी का दबाव बनाया। इस बीच, आरोपी ने कई बार पीड़िता से दुष्कर्म किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी जितेंद्र सिंह उर्फ पिपेंद्र पुत्र मोहन सिंह निवासी संजरपुर सुल्तानपुर मुरादाबाद पर मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार किया। इस बीच, कोर्ट में पीड़िता और उसके पिता ने बयान दर्ज कराए, जिनसे आरोपों की पुष्टि हुई। इन्हीं तथ्यों को आधार बनाते हुए अब कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज की है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने युवाओं को दिलाया स्वदेशी का संकल्प






**पथ प्रवाह, देहरादून।**

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी पार्क, देहरादून में आयोजित स्वदेशी संकल्प दौड़ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। इस दौरान स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का 'उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत' का संदेश आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव तैयार करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान करते हुए कहा कि स्टार्टअप, मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया जैसे अभियानों को सफल बनाने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, आत्मनिर्भर भारत की सोच को मजबूत करने और उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रहने, अनुशासन का पालन करने, शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने तथा अपने राष्ट्र कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक खजान दास, देहरादून के मेयर सौरभ थपलियाल, भाजपा संगठन मंत्री अजेय कुमार सहित पार्टी पदाधिकारी और भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सूचना विभाग के नववर्ष 2026 के कैलेंडर का किया विमोचन

**पथ प्रवाह, देहरादून।**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में सूचना विभाग, उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रकाशित नववर्ष 2026 के आधिकारिक कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कैलेंडर के आकर्षक स्वरूप, उत्कृष्ट मुद्रण गुणवत्ता और विषयवस्तु की सराहना करते हुए इसे राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी नीतियों को प्रभावी ढंग से जनमानस तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बताया। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि यह कैलेंडर केवल तिथियों का संकलन भर नहीं है, बल्कि यह उत्तराखंड की विकास यात्रा, सुशासन की प्रतिबद्धता और जनसेवा के संकल्प को दर्शाने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णयों, प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों को सुसंगठित और रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिससे आमजन को सरकार की कार्यप्रणाली और विकास कार्यों की समग्र जानकारी प्राप्त हो सकेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सूचना विभाग ने इस कैलेंडर के माध्यम से शासन और जनता के बीच सेतु की भूमिका को और अधिक सशक्त किया है। यह प्रकाशन न केवल सूचनात्मक है, बल्कि जनमानस में सकारात्मक सोच और सहभागिता की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कैलेंडर नागरिकों के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगा और राज्य के विकास में सहभागिता बढ़ाने में सहायक बनेगा।

मुख्यमंत्री ने सूचना विभाग की पूरी टीम को इस उत्कृष्ट प्रकाशन के लिए बधाई देते हुए कहा कि विभाग ने समय-समय पर नवीन तकनीकों, रचनात्मक सोच और नवाचार के माध्यम से सरकार की योजनाओं और नीतियों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि भविष्य में भी सूचना विभाग इसी प्रतिबद्धता के साथ जनहितकारी सूचनाओं का व्यापक और प्रभावी प्रसार करता रहेगा।

इस अवसर पर अपर सचिव सूचना बंशीधर तिवारी, उपनिदेशक सूचना मनोज श्रीवास्तव और उत्तराखंड मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष गोविन्द सिंह उपस्थित रहे।

# युवाओं को सुरक्षित व संतुलित आहार के लिए प्रेरित करेगा 'ईट राइट यूथ हैकाथॉन-2026'

**पथ प्रवाह, देहरादून/मुंबई।**



युवा स्वस्थ होंगे तभी देश सशक्त बनेगा और सुरक्षित, संतुलित व टिकाऊ खान-पान की दिशा में युवाओं की भागीदारी बेहद आवश्यक है। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने सुरक्षित, स्वस्थ एवं टिकाऊ खान-पान प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के पहले 'ईट राइट यूथ हैकाथॉन-2026' का शुभारंभ किया। डॉ. धन सिंह रावत ने मुंबई से वेबिनार के माध्यम से कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि हैकाथॉन के माध्यम से प्रदेश के युवा सुरक्षित आहार, पोषण और फूड सिस्टम से जुड़े नवाचारी व व्यावहारिक विचार प्रस्तुत करेंगे।

डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'फिट इंडिया' और 'ईट राइट इंडिया' जैसे राष्ट्रीय अभियान स्वस्थ जीवनशैली को जनआंदोलन बना रहे हैं। इसी क्रम में न्यूट्रिशन कनेक्ट, गेन इंडिया, एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड के सहयोग से राज्य के सभी राजकीय व निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में 'ईट राइट यूथ हैकाथॉन' का आयोजन एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा और पोषण जैसे ज्वलंत विषयों पर हैकाथॉन आयोजित करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है।

हैकाथॉन के तहत युवा सुरक्षित भोजन, पोषण, फूड वेस्टेज, पारंपरिक एवं टिकाऊ कृषि से जुड़ी चुनौतियों पर नवाचारी समाधान प्रस्तुत करेंगे। प्रतियोगिता में राज्य की सर्वश्रेष्ठ पांच टीमों का चयन किया जाएगा। चयनित टीमों को क्रमशः 1.5 लाख, 1 लाख, 75 हजार तथा दो टीमों को 50-50 हजार रुपये की नकद धनराशि और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। हैकाथॉन के शुभारंभ के साथ ही प्रतिभागियों के लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। वेबिनार को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक प्रो. ए.एस. उनियाल ने विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेजों एवं तकनीकी संस्थानों से इस पहल में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। वहीं एफडीए उत्तराखंड के उप आयुक्त गणेश कंडवाल ने प्रदेश में ईट राइट कैंपस, ईट राइट स्कूल, ईट राइट स्टेशन और फोस्टैक प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों की जानकारी दी।

वेबिनार में गेन इंडिया, न्यूट्रिशन कनेक्ट के विशेषज्ञों सहित राज्यभर के 300 से अधिक शिक्षण संस्थानों के कुलसचिव, निदेशक, प्राचार्य और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# दिल्ली की टीम ने कानपुर को हॉकी के मुकाबले में 6-0 से पराजित किया

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

गुरुकुल कांगडी समविश्वविद्यालय एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में वंदना कटारियाँ हॉकी स्टेडियम, रोशनाबाद में हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उत्तर-क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय हॉकी पुरूष वर्ग प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गये नॉक आउट मुकाबले में पहला मुकाबला दिल्ली विवि और सीएसजेएम कानपुर के मध्य खेला गया।

इस मुकाबले में दिल्ली विवि ने कानपुर को सीधे मुकाबले में 6-0 से पराजित किया। एआईयू आर्ब्जवर एवं जम्मू विवि के डायरेक्टर स्पोर्टर्स डॉ. सुरजीत सिंह ने टीमों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विपरीत वातावरणीय स्थिति में खेलने से खिलाडी की सहन-शक्ति एवं सामर्थ्य की समायोजन क्षमता का पता चलता है। आयोजन



अध्यक्ष डॉ शिवकुमार चौहान ने कहा कि खेल की कसौटी पर चुनौतियों का सामना करके वाला ही खरा उतर सकता है। एचएनबी गढवाल तथा सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश के बीच हुए मैच में सरदार पटेल ने गढवाल को 6-1 से परास्त किया। सचिव, क्रीडा परिषद डॉ. अजय मलिक ने सिरसा तथा अमृतसर के मध्य खेले गये मैच में टीमों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने टीमों को बेहतर तालमेल एवं दबाव मुक्त स्थिति से खेलते हुये अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने की बात कही। सीबीएलयू भिवानी तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर, आगरा के बीच हुऐ मुकाबले मे भिवानी ने आगरा को 5–1 से परास्त किया। आयोजन सचिव डॉ. कपिल मिश्रा ने दोनो टीमों को शुभकामनाएं देते हुये शारीरिक एवं मानसिक लय के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। एचपीयू शिमला तथा आईकेजीपीटी विवि, जालन्धर के बीच हुए मुकाबले मे शिमला ने जालन्धर को 5-1 से परास्त करके दूसरे राउण्ड में प्रवेश किया। डॉ. प्रणवीर सिंह, हॉकी कोच दुष्यन्त राणा तथा अश्वनी कुमार ने टीमों का उत्साहवर्धन करते हुये आयोजन को बेहतर तथा व्यवस्थित संचालित करने पर प्रशंसा की। खेले गये मैचों का संचालन अम्पायर मलकित सिंह, विपुल कुमार, अमित कटारिया, प्रांजल मिश्रा, फैजान अहमद, रवि जैसल, रजत कुमार आदि द्वारा संचालित किये गये।

## एसपी कमलेश उपाध्याय ने पुलिस के पेंच कसे, अपराध और साइबर क्राइम पर दिखाई सख्ती

**पथ प्रवाह, उत्तरकाशी।**

पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने कहा कि समाज और युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालना और जनता को अपराध मुक्त वातावरण देना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारियों व कर्मियों को और अधिक सक्रिय, संवेदनशील और प्रभावी रणनीति के साथ काम करना होगा। एसपी कमलेश उपाध्याय ने यह निर्देश सोमवार को पुलिस लाइन उत्तरकाशी में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन के दौरान दिए।

एसपी कमलेश उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में सर्वप्रथम अधीनस्थ पुलिस अधिकारी व कर्मियों की विभागीय एवं व्यक्तिगत समस्याएं सुनी गई। समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए गए। साथ ही पिछले माह में उठाई गई समस्याओं पर हुई कार्यवाही की भी समीक्षा की गई।

### उत्कृष्ट कार्य पर 26 पुलिसकर्मी सम्मानित

दिसंबर 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 पुलिस अधिकारी व कर्मियों को 'मैन ऑफ द मंथ' घोषित करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसपी ने सभी को नववर्ष में नए संकल्प, दृढ़निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने







कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया।

### माघ मेला और वीआईपी ड्यूटी पर विशेष निर्देश

एसपी कमलेश उपाध्याय ने आगामी 14 जनवरी से उत्तरकाशी में आयोजित होने वाले पौराणिक माघ मेले को लेकर कानून व्यवस्था, शांति, यातायात एवं सुरक्षा प्रबंधों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। वीआईपी एवं वीवीआईपी ड्यूटी के दौरान विशेष सतर्कता और संवेदनशीलता बरतने के भी निर्देश दिए गए।

### लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर

एसपी कमलेश उपाध्याय ने अपराधों की समीक्षा करते हुए सभी थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। विशेष रूप से गंभीर मामलों में विवेचना की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर दिया गया। थानों में लंबित समन, वारंट, शिकायती प्रार्थना पत्रों एवं ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों की तलाश को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।

### साइबर अपराध, यातायात और महिला सुरक्षा पर फोकस

वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते साइबर अपराधों पर नियंत्रण, यातायात नियमों के पालन, नशे के दुष्प्रभाव और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संचालित अभया अभियान के अंतर्गत निरंतर जनजागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने को कहा गया।

आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बाहरी व्यक्तियों का शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

### चारधाम यात्रा 2026 की तैयारी

आगामी चारधाम यात्रा-2026 को देखते हुए सुगम एवं सुरक्षित यातायात प्रबंधन के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने तथा संवेदनशील व दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश दिए गए।

### एनडीपीएस मामलों में विवेचना पर मार्गदर्शन

गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अरुण गौड ने एनडीपीएस एक्ट के मामलों में विवेचना की गुणवत्ता, पारदर्शिता और साक्ष्य संकलन के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार सर, प्रतिसार निरीक्षक शिव कुमार सर, निरीक्षक अभिसूचना दीपक रावत सर, सभी कोतवाली, थाना एवं इकाई प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बैठक में तय हुई कार्यक्रम की रूप रेखा



पथ प्रवाह, हरिद्वार। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी समिति की 26 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक में रुपरेखा तय की कई। तय किया गया कि झंडा रोहण के पश्चात समिति की पूर्ण गठन टीम का शपथ ग्रहण और स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में सेनानी उत्तराधिकारी सम्मिलित रहे मास्टर भोपाल सिंह, अशोक सिंह, खेमपाल सिंह, कृष्णपाल सिंह, मुरली मनोहर, तरुण बेरी, मुकेश त्यागी, राजन कौशिक, सत्येंद्र बिष्ट, विकास कंबोज, करण सिंह राणा, विशाल अग्रवाल, बालकिशन कोरी, रीता गुलाटी, विजयलक्ष्मी, प्रतिवार रोहिल्ला, सोनिका त्यागी, अरुण ठाकुर, अनिल शर्मा, अरविंद शर्मा, श्याम सुंदर सचदेवा, पंकज कोरी आदि सम्मिलित रहे।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर अनुराग ठाकुर ने किया तीखा तंज, बोले चुनावों को लेकर सहमी हुई है

पथ प्रवाह, हरिद्वार। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की घबराहट और बौखलाहट यह साफ संकेत दे रही है कि वह आने वाले चुनावों को लेकर डरी हुई हैं। हरिद्वार में एक कार्यक्रम में शमिल होने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई का विरोध करने पर वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिन कागज़ों और पेन ड्राइव की चर्चा हो रही है, उनमें दर्ज काले कारनामे किसके हैं, यह देश की जनता अच्छी तरह समझती है। उन्होंने आगे कहा कि जब कोई मुख्यमंत्री जांच एजेंसियों के काम में रोक-टोक करने की कोशिश करता है और उन्हें अपना



कर्तव्य निभाने से रोकता है, तो इससे साफ हो जाता है कि मामला सिर्फ संदेह का नहीं है। अनुराग ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि यहां दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है, और सच्चाई से बचने की यही बेचैनी अब सबके सामने आ चुकी है।

मीडिया से बातचीत में कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है, जिसे हम राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा संदेश दिया था कि देश के एक लाख युवाओं को अब राजनीति के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि दुनिया के सबसे बड़े युवा आबादी वाले देश में युवा नेतृत्व करेंगे और आगे आएंगे। प्रधानमंत्री ने युवाओं को लगातार नेतृत्व देने और विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित किया है। हमें पूरा विश्वास है कि देवभूमि उत्तराखंड से वो संदेश बहुत आगे जाएगा।



# छठ मईया पार्क क्षेत्र की आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीकः राजीव शर्मा

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि 'छठ मईया पार्क केवल एक पार्क नहीं, बल्कि नवोदय नगर वार्ड नंबर 13 सहित पूरे क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता का प्रतीक है। नगर पालिका का संकल्प है कि श्रद्धालुओं और नागरिकों को यहां सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।'

यह बात उन्होंने छठ मईया पार्क में चार दिवारी निर्माण कार्य के विधिवत शुभारंभ के अवसर पर कही। अध्यक्ष राजीव शर्मा ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।



उल्लेखनीय है कि नगर पालिका शिवालिक नगर द्वारा पूर्व में विकसित छठ मईया पार्क विशेष रूप से छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना, व्रत, अर्घ्य एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्मित किया गया था। वर्षों से यह पार्क क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का केंद्र बना हुआ है और छठ पर्व के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा संपन्न करते हैं।

चार दिवारी निर्माण से पार्क की सुरक्षा, स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं संरक्षण सुनिश्चित होगा। साथ ही असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रहेगा। इससे बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को सुरक्षित वातावरण मिलेगा और पार्क की सुंदरता एवं उपयोगिता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह पार्क क्षेत्र का एकमात्र ऐसा सार्वजनिक पार्क है, जहां छठ पर्व के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है।

अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी नगर पालिका शिवालिक नगर क्षेत्र में जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाती रहेगी। धार्मिक स्थलों के संरक्षण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए नगर पालिका लगातार ठोस कदम उठा रही है।

इस अवसर पर सभासद दीपक नौटियाल, मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, श्वेता सिंह, भानु प्रताप सिंह, अवधेश राय, जटाशंकर श्रीवास्तव, मदनेश मिश्रा, रितु ठाकुर, भागेश्वरी, दीपा सिंह, रीना नेगी, नीलम रावत, संदीप मैथानी, अंशुल शर्मा, देव विख्यात भाटी, सुधांशु, दिनेश चंद्रा, पवन सैनी, नीरज प्रेमी, रामनिवास गुजर, शैलेन्द्र सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता बंधु एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# यूजेवीएन की बोर्ड बैठक में बड़े फैसले, नई जलविद्युत व सौर परियोजनाओं को मिली रफ्तार

**पथ प्रवाह, देहरादून।**

यूजेवीएन लिमिटेड के निदेशक मंडल की 132वीं बोर्ड बैठक आज सचिवालय में मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन एवं अध्यक्ष यूजेवीएन लिमिटेड आनंद वर्धन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निगम के मानव संसाधन, परिचालन, वित्तीय स्थिति और आगामी परियोजनाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।






निदेशक मंडल ने निगम के स्थायी एवं अस्थायी पदों के पुनर्गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही नई जलविद्युत परियोजनाओं के तकनीकी आकलन, डिजाइन और क्रियान्वयन के लिए विशेषज्ञ तकनीकी समूह के गठन को भी मंजूरी दी गई। यह समूह पिथौरागढ़ जनपद में प्रस्तावित 114 मेगावॉट की सेला-उर्थिंग जलविद्युत परियोजना, 102 मेगावॉट की मोरी-त्यूनी परियोजना सहित अन्य योजनाओं पर मार्गदर्शन देगा।

बैठक में मनेरी भाली द्वितीय चरण के जोशियाड़ा बैराज के डाउनस्ट्रीम में न्यूनतम जल प्रवाह सुनिश्चित करने से संबंधित कार्यों की संशोधित लागत और प्रशासनिक स्वीकृति को पारित किया गया। मोरी-त्यूनी परियोजना के लिए परामर्शदात्री सेवाएं लेने तथा 300 मेगावॉट क्षमता वाली लखवाड़ परियोजना के विद्युत-यांत्रिक कार्यों हेतु अद्यतन लागत और संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति को भी मंजूरी दी गई।

इसके अलावा चमोली जनपद की 3 मेगावॉट क्षमता वाली उर्गम लघु जलविद्युत परियोजना के पुनरोद्धार, 72 मेगावॉट की त्यूनी प्लासू परियोजना में विद्युत-यांत्रिक उपकरणों की स्थापना हेतु निविदा आमंत्रण और पिथौरागढ़ जनपद में श्यामखोला गाड़ नदी पर 12 मेगावॉट की तांकुल परियोजना के सिविल डिजाइन व इंजीनियरिंग के लिए वित्तीय स्वीकृति दी गई। निदेशक मंडल ने उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के 2025 विनियमों में बैटरी आधारित ऊर्जा भंडारण टैरिफ, ट्रेडिंग मार्जिन और सौर परियोजनाओं की वाणिज्यिक संचालन तिथि विस्तार से जुड़े मुद्दों पर समीक्षा याचिका दायर करने की अनुमति भी प्रदान की। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक निगम का विद्युत उत्पादन लक्ष्य से 84 मिलियन यूनिट अधिक है। बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा आर. मिनाक्षी सुंदरम, सचिव वित्त दिलीप जावलकर, इंदु कुमार पांडेय, बी.पी. पांडेय, पराग गुप्ता, प्रबंध निदेशक संदीप सिंघल, निदेशक परियोजनाएं सुरेश चंद्र बलूनी, निदेशक परिचालन ए.के. सिंह, अधिशासी निदेशक सुधाकर बडोनी, आशीष जैन और विवेक आत्रेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया बनी समाधान की ताकत, डीएम के निर्देश पर चमका पॉलिटेक्निक क्षेत्र

पथ प्रवाह, हरिद्वार। सोशल मीडिया पर उठी जनआवाज ने प्रशासनिक संवेदनशीलता को नई दिशा दी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के त्वरित संज्ञान के बाद वर्षों से उपेक्षित राजकीय पॉलिटेक्निक, सिडकुल क्षेत्र की गंदगी आखिरकार इतिहास बन गई। प्रशासनिक सक्रियता के चलते एक ही दिन में भारी मात्रा में कूड़ा-कचरा हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित बना दिया गया।



सिडकुल एवं बीएचईएल की भूमि पर फैला करीब 180 टन कूड़ा लंबे समय से विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ था। बदबू, मच्छरों का प्रकोप और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा था। सोशल मीडिया पर मामला सामने आते ही जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बिना देरी किए संबंधित विभागों को संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

टाउनशिप प्रशासन विभाग, बीएचईएल ने जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद, शिवालिक नगर ने भी अभियान में सक्रिय सहयोग देते हुए जेसीबी मशीन और चालक उपलब्ध कराए। समन्वय का असर यह रहा कि राजकीय पॉलिटेक्निक से लगभग 80 मीटर तक फैले पूरे कूड़े का पूर्ण रूप से उठान कर दिया गया।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की संजीदगी से शुरू किए गए इस सफाई अभियान से न केवल क्षेत्र की तस्वीर बदली, बल्कि विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने इसे प्रशासन की संवेदनशीलता और सोशल मीडिया की सकारात्मक भूमिका का सशक्त उदाहरण बताया। प्रशासन का यह कदम स्वच्छता, स्वास्थ्य और जनसरोकार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे आमजन में विश्वास और मजबूत हुआ है।

वरिष्ठ पत्रकार अरूण कश्यप ने कहा कि यकीनन स्वच्छता सर्वेक्षण में हरिद्वार बड़ी छलांग लगायेगा।

युवा पत्रकार मनोज कश्यप ने कहा कि जिलाधिकारी जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते है। समाधान धरातल पर नजर आता है। समाजसेवी और पत्रकार विकास तिवारी ने भी जिलाधिकारी के इस कार्य की प्रशंसा की और धन्यवाद दिया।

# डीपीएस रानीपुर के अथर्व वर्मा ने रचा इतिहास, इंडिया टैलेंट फाइट सीजन-5 के बने समग्र विजेता

**पथ प्रवाह, रामपुर/हरिद्वार।**

समर्पण, साधना और कच्ची प्रतिभा जब एक साथ मंच पर उतरती है, तो इतिहास रचता है। उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक शहर रामपुर से ताल्लुक रखने वाले 21 वर्षीय उभरते गायक अथर्व वर्मा ने यह कर दिखाया है। डीपीएस रानीपुर के छात्र रहे अथर्व ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी मंच इंडिया टैलेंट फाइट सीजन-5 में गायन श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए समग्र विजेता का खिताब अपने नाम किया है। यह उपलब्धि न केवल रामपुर बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।



### अनु मलिक के हाथों मिली ट्रॉफी

शो के भव्य फिनाले में अथर्व को प्रतिष्ठित ट्रॉफी दिग्गज संगीतकार और गायक अनु मलिक के हाथों प्राप्त हुई। दशकों से संगीत जगत को हिट पर हिट देने वाले अनु मलिक अथर्व के प्रदर्शन से इतने प्रभावित हुए कि वे भावुक नजर आए। उन्होंने मंच पर ही अथर्व की असाधारण स्वर सीमा, भावनात्मक गहराई और सशक्त मंचीय उपस्थिति की खुलकर प्रशंसा की। शो से जुड़े सूत्रों के अनुसार अनु मलिक ने कहा, 'अथर्व का गायन शुद्ध जादू है, ऐसे कलाकार हमें याद दिलाते हैं कि हम संगीत से पहली बार क्यों प्रेम करने लगे थे।'

### दो साल तक किया कठिन रियाज

अथर्व वर्मा की सफलता का यह सफर आसान नहीं रहा। बीते दो वर्षों से उन्होंने लगातार कठिन रियाज़ किया, हर दिन खुद को बेहतर बनाने की कोशिश की। एक अनुभवी लाइव परफॉर्मर के रूप में अथर्व पहले ही देश के विभिन्न हिस्सों में अपने ऊर्जावान मंचीय कार्यक्रमों से पहचान बना चुके थे। इंडिया टैलेंट फाइट जैसे राष्ट्रीय मंच पर पहुंचने से पहले ही उन्होंने एक मजबूत और वफादार प्रशंसक वर्ग तैयार कर लिया था।

इस ऐतिहासिक जीत पर अथर्व के माता-पिता की खुशी भी देखने लायक थी। हर संघर्ष में बेटे के साथ खड़े रहे माता-पिता ने भावुक होकर कहा, 'अपने बेटे को ट्रॉफी उठाते देखना हमारे लिए सपने के सच होने जैसा है।' वहीं डीपीएस रानीपुर के छात्र होने के नाते अथर्व ने अपने विद्यालय और शिक्षकों का भी नाम रोशन किया है।

### छोटे शहर के प्रतिभाशाली की ऊंची उड़ान

इस जीत के साथ ही अथर्व वर्मा के उज्ज्वल भविष्य को लेकर पूरे देश में उत्साह है। महज 21 वर्ष की उम्र में यह छोटे शहर का प्रतिभाशाली गायक अब ऊंची उड़ान भरने को तैयार है। संगीत प्रेमियों और विशेषज्ञों का मानना है कि अथर्व वर्मा आने वाले समय में भारतीय संगीत जगत का बड़ा नाम बन सकते हैं। अथर्व वर्मा को हार्दिक बधाई – प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ता का सच्चा प्रकाशस्तंभ।

# प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने सुनी जनता की शिकायतें, सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

प्रभारी मंत्री सतपाल महराज ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में प्रदेश में पहली बार सभी न्याय पंचायतों में जन जन की सरकार जन जन के द्वार बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जा रहे है। सभी विभागों द्वारा अपने अपने विभागों के स्टॉल के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्रवासियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज आयोजित किए गए शिविर में सात हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया है तथा लगभग 874 लोगों को संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया गया है।







जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में सोमवार को विकास खण्ड नारसन की न्याय पंचायत ढढ़ेरा के ग्राम पंचायत नगला इमरती गौतम फार्म हाउस में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार बहुउद्धेश्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनों से 874 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 456 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, इस शिविर में 7031 लोगों द्वारा किया गया प्रतिभाग।

आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 403 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, जल भराव, विद्युत, पेयजल, आवास की मांग आदि समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें 178 समस्याओं का प्रभारी मंत्री द्वारा निस्तारण किया गया, शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

### समस्याओं का मौके पर ही किया जा रहा समाधान

जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अथिति जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि 17 दिसम्बर, 2025 से प्रारम्भ हुए 45 दिनों तक चलने वाले इस प्रदेशव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं और योजनाओं को सीधे जनता तक उनके घर और गांव तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम का यह भी उद्देश्य है कि राज्य की जनता जनार्दन को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े, समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो, भ्रष्टाचार कम हो और सुशासन स्थापित हो। यह अभियान दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन, कृषि और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर भी केन्द्रित है जिससे पारदर्शिता और प्रशासन पर जनता का विश्वास बढ़े। इन बहुउद्देशीय शिविरों को आयोजित करने का कारण यह भी है कि मूलभूत समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से आग्रह कि वह राष्ट्र भावना के साथ कार्य करते हुए जन समस्याओं का निदान करें और सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों से आम जनमानस को अवगत कराएं जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके।

### प्रदेश में बह रही विकास की गंगा

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में निरंतर विकास की गंगा बह रही है। प्रदेश सरकार राज्य में सड़कों की कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दे रही है। अभी तक 14027 नये गाँवों को सड़क मार्ग प्रदान कर राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़कर गाँवों के विकास के लिये सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया गया। इसके अलावा शहरी यातायात समाधान के तहत प्रदेश के सभी व्यस्तम शहरों में रिंग रोड का निर्माण और प्रमुख चौराहों पर फ्लाई ओवर का निर्माण कर उन्हें जाममुक्त बनाये जाने की योजना पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली 250 तक की आबादी जो मोटर मार्ग संयोजन से वंचित रह गयी है एवं 250 (दो सौ पचास) से अधिक जनसंख्या वाली ऐसी बसावटें जो मुख्य मोटर मार्ग से 1.50 (डेढ़) किमी पैदल दूरी के अंतर्गत पीएमजीएसवाई के मानकों के अनुसार संयोजित मानी गयी हैं उन बसावटों को मुख्य मोटर मार्ग से जोडने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना प्रारम्भ की गई है।

### प्रदेश में पांच हजार से अधिक होम स्टे पंजीकृत

दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास (होम स्टे) विकास योजना के अतर्गत अब तक पांच हजार से अधिक होम स्टे पंजीकृत किये जा चुके हैं। जबकि 1118 लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। शीतकालीन यात्रा के साथ-साथ साहासिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार कई कदम उठा रही है। आदि कैलाश यात्रा को सरल, सुगम और व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया जा रहा है। भारत की धरती लिपुलेख से कैलाश मानसरोवर के दर्शन हो सके इसके लिए भी कार्य योजना तैयार की जा रही है। जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेडा के अन्तर्गत शीला खाला नाला जिसकी कुल लम्बाई 44 किमी है उसमें उत्तराखण्ड राज्य की सीमा के अन्तर्गत 32 किमी0 क्षेत्र में सफाई एवं खुदाई का कार्य सिंचाई विभाग द्वारा किया गया है। इससे लगभग 21 (इक्कीस) गांव को जल भराव की समस्या से निजात मिली है। हरिद्वार जनपद के तीन विकास खण्डों के 74 गांवों की 18280 (अठारह हजार दो सौ अस्सी) हैक्टेयर असिंचित भूमि में सिंचाई सुविधा प्रदान करने हेतु 35 किमी0 लम्बी इकबालपुर नहर प्रणाली तथा कनखल एवं जगजीतपुर नहर की क्षमता विस्तार किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बहुउद्धेशीय शिविर में पंहुचे क्षेत्रवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच बहुउद्देशीय शिविर

राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान चलाया है प्रदेश के हर ग्राम पंचायत, ग्राम सभा स्तर पर मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराया जा रहा है, जिन समस्याओं का मौके पर समाधान नहीं हो पा रहा है, उन समस्याओं का संज्ञान जिलाधिकारी स्वयं ले रहे है, मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच है प्रदेश के दूरस्त गांव में रहने वाला व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत बहुउद्धेश्य शिविर आयोजित करने के लिए बधाई दी, उन्होंने कहा कि आज ढंढेरा में बहुउद्देशीय शिविर लगा गया है, इस शिविर में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी ग्रामीणों को मिल रहा है। पूरे प्रदेश में नारसन से लेकर बद्रीनाथ तक हाईवे का निर्माण, मेडिकल कॉलेज, ऐसे बहुत सारे कार्य हो रहे है जिसके लिए प्रधानमंत्री का बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू कर समान कानून व्यवस्था स्थापित की गई है। युवाओं के हित में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया, जिसके बाद 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है।

### जिलाधिकारी और सीडीओ ने किया प्रभारी मंत्री का स्वागत

जनपद आगमन पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभारी मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रभारी मंत्री द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का भी निरीक्षण किया गया साथ ही पात्र लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट प्रदान की तथा दिव्यांगों को ट्राई साइकिल प्रदान की गयी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि आज आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 403 शिकायतें दर्ज कराई गई, जिसमें 178 का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

शिविर में ये रहे मौजूदः इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रुड़की डा. मधु सिंह, किसान आयोग अध्यक्ष अजीत चौधरी, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति, राज्य मंत्री जयपाल सिंह चौहान, श्यामवीर सैनी, सुरेन्द्र मोगा, पूर्व विधायक प्रणव सिंह चौम्पियन, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा राकेश गिरी, गौरव कौशिक, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अनीश गौड़, ब्लॉक प्रमुख कोमल देवी, मंडल अध्यक्ष विकास पॉल, अशोक पांडे, जिला महामंत्री सागर गोयल, मंडल मंत्री बीना नेगी, रानी देवयानी, सुशील त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक राम चन्द्र सेठ सहित क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य, जिलास्तरीय अधिकारी व कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में दर्ज हुई 55 समस्याएं, 28 का मौके पर ही कराया निस्तारण




**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

जनपदवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी आर चौहान एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दीपेंद्र सिंह नेगी ने की।

जन सुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 55 शिकायते/ समस्याएं दर्ज कराई गई जिसमें 28 समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया शेष समस्याओं को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, पेयजल,अतिक्रमण आदि से संबंधित समस्या दर्ज कराई गई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही है उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही एवं शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए, शिथिलता बरती जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक करवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के सिंह,मुख्य वित्त अधिकारी अजय कुमार, एलडीएम दिनेश गुप्ता, जिला अर्थ संख्या आधिकारी नलिनी ध्यानी, प्रोजेक्ट मैंनेजर पेयजल निगम (गंगा) मीनाक्षी मित्तल, लोनिवि अधिशासी अभियंता दीपक कुमार, उप मुख्य नगर अधिकारी दीपक गोस्वामी सहित जिला स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादी मौजूद रहे।

## श्यामपुर क्षेत्र में परिवहन विभाग ने 35 वाहनों का किया चालान, 5 वाहन सीज

पथ प्रवाह, हरिद्वार। यातायात नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा श्यामपुर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवरलोडिंग, बिना नंबर प्लेट, बिना HSRP, बिना रिफ्लेक्टिव टेप, बिना फिटनेस प्रमाणपत्र आदि अनियमितताओं वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 35 वाहनों के चालान किए गए तथा 5 वाहनों को सीज किया गया। यह कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहनों पर भी कार्रवाई की गई जो गलत तरीके से वाहनों में सामान को ढो रहे थे। नेहा झा एआरटीओ (प्रवर्तन) ने बताया कि इस प्रकार की प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें एवं यातायात नियमों का पालन करें, ताकि स्वयं व अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## अति दूरस्थ नैनीडांडा में विकास की पहलः पर्यटन, मत्स्य व स्वरोजगार पर जिलाधिकारी का फोकस



**पथ प्रवाह, पौड़ी।**

पौड़ी जनपद के अति दूरस्थ नैनीडांडा विकासखंड में पर्यटन एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया द्वारा मत्स्य पालन तथा अन्य विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। नैनीडांडा क्षेत्र में अपने भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत ओलेथ के ग्राम ब्यूरा में जिलाधिकारी ने बायो फ्लॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने मत्स्य उत्पादों के संग्रहण हेतु कलेक्शन सेंटर स्थापित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही क्षेत्र में पर्यटकों के लिए मत्स्य आउटलेट स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मत्स्य आउटलेट से स्थानीय रूप से आमदनी में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने आवश्यकता होने पर धनराशि आवंटन का आश्वासन भी दिया। किसान गोपाल सिंह रावत ने जिलाधिकारी को मत्स्य तालाब का अवलोकन करवाया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद कर स्थानीय महिलाओं से जंगली जानवरों, जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल, बिजली पोल एवं पाइप लाइन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली तथा संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से लैंटाना घास से उत्पन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना और इसके स्थायी समाधान की दिशा में ठोस पहल किए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि लैंटाना के नियंत्रित संग्रह एवं उपयोग हेतु कलेक्शन सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे समस्या के समाधान के साथ-साथ महिलाओं को नियमित आय के अवसर भी प्राप्त होंगे तथा यह पहल पर्यावरण संरक्षण और आजीविका संवर्धन की दिशा में एक दीर्घकालिक समाधान साबित होगी।

स्वामी/प्रकाशक वीरेन्द्र सिंह ने मुद्रक प्रमोद कुमार, जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः 40 शांतिपुरम कॉलोनी जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड 249408 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। वीरेन्द्र सिंह (सम्पादक) 9411111733, डॉ सुशील शर्मा(उप संपादक) 9837906777 किसी भी वाद विवाद का निपटारा हरिद्वार में होगा। वेबसाईट- www.pathpravah.com